प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

7 जनवरी 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना 2021-22 श्रृंखला IX - निर्गम मूल्य

भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं. 4(5)-बी(डब्ल्यूएंडएम)/2021 और भारतीय रिज़र्व बैंक की दिनांक 21 अक्तूबर 2021 की प्रेस प्रकाशनी के अनुसार सॉवरेन स्वर्ण बॉन्ड योजना 2021-22 – श्रृंखला IX अभिदान के लिए 10 जनवरी 2022 से 14 जनवरी 2022 तक की अवधि के लिए खुली रहेगी। बॉण्ड का सांकेतिक मूल्य अभिदान की अवधि के पहले के सप्ताह के पिछले तीन कारोबारी दिवसों अर्थात् 5 जनवरी, 6 जनवरी और 7 जनवरी 2022 के 999 शुद्धता वाले सोने के लिए बंद भाव [इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत के आधार पर तय किया गया है, जो ₹4,786/- (चार हजार सात सौ छियासी रुपये मात्र) प्रति ग्राम है।

भारत सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों के लिए सांकेतिक मूल्य पर प्रति ग्राम ₹50/- की छूट देने का निर्णय लिया है जो इसका आवेदन ऑनलाइन तथा आवेदन के एवज में भुगतान डिजिटल माध्यम से करेंगे। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बॉण्ड का निर्गम मूल्य सोने का ₹4,736/- (चार हजार सात सौ छत्तीस रूपये मात्र) प्रति ग्राम होगा।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1512